राजस्थान सरकार

राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर

RSCERT Udaipur

हवामहल

बच्चों का झरोखा

03 जून 2023: शनिवार: वर्ष– 04: अंक – 07

आलू बोला मुझको खालो

आज की कविता

आलू कहता है मुझे खाओ, टमाटर कहता है मुझे खाओ। लौकी, कद्दू, भिंडी और करेला सभी कहते हैं कि मुझे खाओ। हर कोई अपनी ताकत और फायदे बता रहा है। तुम क्या खाना चाहोगे ? सुनते हैं इस मजेदार कविता में सब्जियां नाच गा के क्या बता रहीं हैं,? कविता देखने -सुनने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

3+ वर्ष के बच्चों के लिए। Satrang CG

चीनू का उपहार

आज की कहानी

क्लास में चीनू का मन नहीं लग रहा उसे छुट्टी का इंतजार है । उसके पिताजी रोज घर लौटते समय अपने ठेले में चीनू को साथ ले जाते हैं । वह कबाड़ी का काम करते हैं । पर आज कुछ खास बात है चीनू को कुछ मिलने वाला है, क्या ? जानने के लिए सुनते हैं कहानी । चित्र पर क्लिक करें ।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। BookBox

एक दुझे के लिए

आज की किताब

कुदरत का चक्र निराला है। जीव जन्तु इस चक्र को चलाने का माध्यम बनते हैं। पेड़ पत्तियों से शुरू करके बकरियों और भेड़िये से होते हुए फिर मिट्टी में मिल जाने का चक्र समझने के लिए इस कहानी को पढ़ते हैं । पढ़ने के लिए चित्र पर क्लिक कीजिए।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Room to Read



सुन्दर मकड़ी

आज की गतिविधि

मकड़ी का नाम सुनते ही शरीर में एक फुरफुरी सी दौड़ जाती है। नन्हाँ सा प्राणी लेकिन उसका डर बहुत बड़ा है। पर आपने कभी सोचा है कि मकड़ी सुंदर और सजीली भी हो सकती है ? एक पाइप क्लीनर और गोंद से हम सुंदर मकड़ी बना सकते हैं । गतिविधि देखने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Arvindgupta Toys

बच्चों का संविधान

टीचर्स कॉर्नर

सामाजिक विज्ञान में अमूर्त अवधारणाओं को सिर्फ पाठ्यपुस्तक से पढ़कर या व्याख्यान विधि से नहीं समझाया जा सकता । जीवन अनुभवों और खुद काम करके ही इसकी समझ बनाई जा सकती है। प्रस्तुत आलेख में केवल आनंद कॉंडपाल अपने कक्षा अनुभव से इस बात को रख रहे हैं। चित्र पर क्लिक करें।

शिक्षकों के लिए। Pathshala



ये छोटे छोटे पुस्तकालय

हमारा पुस्तकालय

पुस्तकालय सोच समझ में बदलाव के साथ जीवन में बदलाव लाने का सशक्त माध्यम हैं । यह वंचित और पिछड़े समुदाय के लिए तो और भी जरूरी हैं क्योंकि वहाँ पहले ही संसाधनों का और जानकारी की ताकत का अभाव है। जॉन हॉल्ट इसी विषय पर अपनी बात रखते हैं । चित्र पर क्लिक कर पढ़े ।

शिक्षकों के लिए। Sandarbh



#सबपढ़े

#सबबढ़े

साथियों, हवामहल का 162वाँ अंक आपके हाथों में हैं। खुद जुड़िये और अपने दोस्तों को भी जोडिए। बताइएगा कि यह अंक कैसा लगा?

हवामहल के सभी अंकों को प्राप्त करने के लिये यह QR कोड स्कैन करें।

आज का अंक आपको कैसा लगा ? अपने सुझावों से अवगत कराने के लिए सुझाव पेटिका के चित्र पर क्लिक करें।